# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः– छा० क०–142/25 दिनांकः– 01/11/2025

सेवा में,

**सभी प्रधानाचार्य,**
(अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय),
ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2025–29 (सी0बी0सी0एस0) में पंजीयन के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में निदेशानुसार सूचित करना है कि विश्वविद्यालय अन्तर्गत सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र 2025–29 में नामांकित अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lmmu.ac.in) पर On-line के माध्यम से ***600/– रूपया*** भुगतान कर ***दिनांक– 07.11.2025 से 21.11.2025 तक*** पंजीयन करना सुनिश्चित करेंगे।

उपरोक्त सत्र के सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि On-line के माध्यम से पंजीयन करने के पश्चात, दो प्रिंटेड प्रति निकालकर एक प्रति अपने पास एवं दूसरी प्रति अपने–अपने महाविद्यालय में ***दिनांक– 05.12.2025 तक*** निश्चित रूप से जमा करेंगे।

अभ्यर्थी ***मेजर (Major) विषय*** को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के त्रुटि सुधार अपने स्तर से ऑनलाईन माध्यम से करते हुए पंजीयन की प्रक्रिया संपन्न करेंगे। समय–सीमा समाप्त होने के बाद पोर्टल बन्द कर दिया जायेगा। किसी भी अभ्यर्थियों के किसी भी प्रकार के परिवर्तन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रधानाचार्य, जिन नामांकित अभ्यर्थियों का कॉमन अप्लीकेशन फॉर्म (CAF) में Minor, Multidisciplinary/Interdisciplinary, MIL, SEC एवं VAC विषय अंकित नहीं है तो कॉलेज अपना डैश–बोर्ड पर अनिवार्य रूप से अपडेट कर देंगे। प्रधानाचार्य अपने महाविद्यालय में अध्यापन किये जाने वाले विषय ही नामांकित अभ्यर्थियों से सहमति लेकर Minor एवं MDC/IDC विषय महाविद्यालय के डैश–बोर्ड पर अपडेट करेंगे ताकि भविष्य में छात्रों की किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही, अभ्यर्थी द्वारा किए गये त्रुटि सुधार के अनुरूप डैश–बोर्ड में भी यथातथ्य संशोधन करना सुनिश्चित करेंगे।

सभी प्रधानाचार्य से आग्रह है कि पंजीयन संबंधी सूचना अपने–अपने महाविद्यायल के सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करते हुए सभी अभ्यर्थियों को सूचित करेंगे।

**माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।**

**विश्वासभाजन,**

अशोक 01.11.25

**अध्यक्ष, छात्र–कल्याण**



1/11/25